

**Shri Naveen Jain (Mayor)**



**Shri Arun Prakash (Municipal Commissioner)**



**Shri Kunwar Bahadur Singh (Additional Municipal Commissioner)**



**Agra Nagar Nigam Near Sur Sadan, M.G.Road, Agra**
**E-Mail-amcagra1@gmail.com**

**माह सितम्बर 2019** में आगरा नगर निगम की टीम व डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत सोर्स सेग्रीगेशन (गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग) करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।



















Unnamed Road, Saraikhwaja, Arjun Nagar, Agra, Uttar Pradesh 282001, India
Agra
Uttar Pradesh
India
33°C
91°F
2019-09-03(Tue) 10:40(am)


Unnamed Road, Saraikhwaja, Arjun Nagar, Agra, Uttar Pradesh 282001, India
Agra
Uttar Pradesh
India
33°C
91°F
2019-09-03(Tue) 10:39(am)


Agra
Uttar Pradesh
India
30°C
86°F
2019-09-03(Tue) 09:15(AM)


यह मक
Agra
Uttar Pradesh
India
30°C
86°F
2019-09-03(Tue) 09:14(AM)


Agra
Uttar Pradesh
India
27°C
81°F
2019-09-14(Sat) 09:12(am)


G-8, Lawyer's Colony, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
27°C
81°F
2019-09-14(Sat) 09:00(am)


Agra
Uttar Pradesh
India
27°C
81°F
2019-09-14(Sat) 08:02(AM)


H-7, Lawyer's Colony, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
27°C
81°F
2019-09-15(Sun) 09:25(am)


H-7, Lawyer's Colony, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
27°C
81°F
2019-09-15(Sun) 09:24(am)


Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-09-16(Mon) 09:21(am)


Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-09-16(Mon) 09:13(am)


Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-09-16(Mon) 09:21(am)

## आगरा नगर निगम की टीम द्वारा सितम्बर माह में अतिक्रमण के लिये की गयी कार्यवाही

### हटाये गये अवैध अतिक्रमण का स्थल/स्थान

**दिनांक 03.09.2019**:- सिन्धी बाजार आगरा में स्थानीय नागरिको/दुकानदारों द्वारा विक्रय की जा रही प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथीन/थर्माकॉल के विरूद्व नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। एस0एफ0आई0 श्री इन्द्रपाल सिंह एंव पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में 30 से भी ज्यादा दुकानों पर छापेमारी की। छापे के दौरान 3 कि0ग्रा0 पॉलिथीन को जब्त किया तथा स्थानीय दुकानदारों से पॉलिथीन के विरूद्ध वसूला गया शमन शुल्क **रू0–18,000/–** रोड पर कोयला भट्टी में कोयला जलाये जाने के विरूद्ध शमन शुल्क **रू0–5,000/–** वसूला साथ ही अवगत कराना है कि दरेसी नं0 2 आगरा में प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथीन/थर्माकॉल के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु एस0एफ0आई0 श्री लक्की शर्मा एंव पुलिस बल का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में स्थानीय दुकानदारों से पॉलिथीन के विरूद्व वसूला गया शमन शुल्क **रू0–8,000/–** तथा रोड पर गन्दगी फैलाये जाने के विरूद्ध शमन शुल्क **रू0–1,000/–** शमन शुल्क/यूजर चार्ज वसूला। इस प्रकार कुल **रू0–32000/** शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।





**दिनांक 04.09.2019**:- संजय प्लेस क्षेत्र में स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को चिन्हाकंन करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल और सुपरवाईजर श्री सुमेर सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में नगर निगम की पार्किंग में अवैध 12 जनरेटर व 25 खोके चिन्हित किये एंव और बताया कि चेतावनी का आज अन्तिम दिन है अगली बार से उक्त लिखित सामान जब्त कर आपसे अधिक शमन शुल्क वसूला जायेगा और शासनासदेश के अनुसार पुलिस केस करके जेल भी भेजा जायेगा।





**दिनांक 05.09.2019**:-भोगीपुरा चौराहे से रामनगर की पुलिया तक, बोदला शाहगंज रोड पर स्थानीय नागरिको/दुकानदारों द्वारा विक्रय की जा रही प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथीन/थर्माकॉल के विरूद्व एंव स्थायी/अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। एस.एफ.आई श्री प्रकाश सिंह, आर0आई0 श्री वैभव यादव एंव पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में 25 से भी ज्यादा दुकानों पर छापेमारी की। छापे के दौरान **92 कि0ग्रा0** पॉलिथीन को जब्त किया तथा स्थानीय दुकानदारों से पॉलिथीन के विरूद्व वसूला गया शमन शुल्क **रू0 18,000**/– रोड पर कोयला भट्टी में कोयला जलाये जाने के विरूद्व शमन शुल्क **रू0 5000**/–एंव अवैध अतिक्रमण के विरूद्व **रू0 8000**/– वसूला। इस प्रकार कुल **रू0 31000**/– वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।





**दिनांक 06.09.2019:-** संजय प्लेस क्षेत्र में स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को चिन्हाकंन करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में और सुपरवाईजर श्री योगेन्द्र सिंह के सहयोग से अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में नगर निगम की पार्किंग में अवैध 50 जनरेटर व 20 खोके चिन्हिंत किये और बताया गया कि आज चेतावनी का अन्तिम दिन है अगली बार से सारा उक्त लिखित सामान जब्त कर आपसे अधिक शमन शुल्क वसूला जायेगा और शासनादेश के अनुसार पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जायगी।





**दिनांक 07.09.2019:-** शाहमार्केट से भगवान टाकिज तक स्थानीय नागरिको/दुकानदारों द्वारा विक्रय की जा रही प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथीन/थर्माकॉल के विरूद्ध एंव स्थायी/अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। एस.एफ.आई श्री राघवेन्द्र यादव का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में 25 से भी ज्यादा दुकानों पर छापेमारी की। छापे के दौरान **07 कि0ग्रा0** पॉलिथीन को जब्त किया तथा स्थानीय दुकानदारों से पॉलिथीन के विरूद्व वसूला गया शमन शुल्क **रू0 17,000**/— एन.जी.टी. के विरूद्व शमन शुल्क **रू0 20000**/—एंव अवैध अतिक्रमण के विरूद्व **रू0 35000**/— वसूला। इस प्रकार कुल **रू0 72000**/— वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।





**दिनांक 09.09.2019**:– नामनेर, बेनारा फेक्टरी बोदला सेक्टर 01 से शनिदेव मन्दिर आदि क्षेत्र के अन्तर्गत स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को चिन्हाकंन करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में उक्त क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण की मुनादी की तथा लोगो को अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी और बताया कि चेतावनी का आज अन्तिम दिन है अगली बार से सारा सामान जब्त कर आपसे अधिक शमन शुल्क वसूला जायेगा और शासनादेश के अनुसार पुलिस केस करके जेल भी भेजा जायेगा।





**दिनांक 12.09.2019**– भावना टावर हनुमान मन्दिर के पास टोरेन्ट पॉवर कम्पनी के केबल के बड़े चक्के द्वारा अस्थायी अतिक्रमण को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जे0ई0 श्री अमित कुमार का सहयोग रहा, चलाये गये अभियान में टोरेन्टो के कर्मचारी को चेतावनी दी गयी और भविष्य में किसी प्रकार का अतिक्रमण ना हो इसकी चेतावनी दी गयी। साथ ही अवगत कराना है कि सी0एस0एफ0आई0 श्री जितेन्द्र सिंह के सहयोग से सेन्ट पौल स्कूल प्रशासन के द्वारा पेड़ का कटा हुआ कचडे का निस्तारण करवाया गया साथ ही स्कूल प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस तरह के कार्य की पुनरावृति की गयी तो एन0जी0टी0 के तहत भारी जुर्माना वसूला जयेगा।





**दिनांक 13.09.2019** – शाह मार्केट में क्षेत्र के अन्तर्गत स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण हेतु, नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। आर0आई0 श्री वैभव यादव एंव सी0एस0एफ0आई0 श्री जितेन्द्र सिंह का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में उक्त क्षेत्र में 20 से 25 अवैध स्थायी/अस्थायी खोके और ठेलो को हटवाया गया, साथ ही स्थानीय दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि अगर भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण और गन्दगी की गयी तो भारी तादात में शमन शुल्क बसूला जायेगा। साथ ही वाटिका प्लस नामक दुकान से गन्दगी में **रू0 1000/–** का शमन शुल्क बसूल कर आगरा नगर निगम कोष में जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है किशाह मार्केट क्षेत्र में स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण हेतु, नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। सी0एस0एफ0आई0 श्री जितेन्द्र सिंह का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में अतिक्रमण शमन शुल्क धनराशि रू0–1000/–, तथा जैक्शन अन्डे वाले की दुकान पर छापा मारकर 100 ग्राम प्रतिबन्धित पॉलिथिन जब्त की और **रू0 2000/–** का शमन शुल्क वसूला गया। इस प्रकार कुल **रू0 3000/–** का शमन शुल्क वसूल कर आगरा नगर निगम कोष में जमा कराया गया।







**दिनांक 16.09.2019**– शंकर मार्केट, ट्रांस यामुना फेस–। क्षेत्र में स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण हेतु, नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। सहायक अभियन्ता श्री महेन्द्र कुमार जैन एवं जैड0एस0ओ0 श्री सुरेन्द्र सिंह यादव का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में 01 बड़ा जनरेटर सेट, 70 से 80 अवैध टीन शेड, 50 से 55 अवैध रेम्प, 30 से 40 अवैध ठेलो/खोकों को हटवाया गया। चलाये गये अभियान के दौरान प्रवर्तन दल को स्थानीय दुकानदारों एंव जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। साथ ही अतिक्रमण का **रू0 7500/–** एंव प्रतिबन्धित पॉलिथिन पर **रू0 1000/–** का शमन शुल्क वसूला इस प्रकार कुल **रू0 8500/–** का शमन शुल्क आगरा नगर निगम कोष में जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है कि विजय नगर, नगला घनी क्षेत्र में शिकायतकर्ता की निजी जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाये गये मकान की प्रवर्तन दल ने नापतौल करायी। अमीन श्री भीकम पाल सिंह, श्री विजय कुमार शर्मा का सहयोग रहा।







**दिनांक 17.09.2019**– हरीश नगर सिकंदरा क्षेत्र में स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण हेतु, नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अवर अभियन्ता श्रीमती पूनम का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में मकान के सामने अवैध रूप से लगी समर सेविल को चिन्हांकित करते हुए मकान पर नोटिस लगवाया गया। साथ ही अवगत कराना है कि प्रवर्तन दल के द्वारा गौशाला सोसायटी बेलनगंज, थाना छत्ता क्षेत्र के अन्तर्गत निकट पंचमुखी महादेव मन्दिर तक मुनादी करायी गयी।





**दिनांक 18.09.2019**– ट्रांस यमुना कौलोनी, नुनहाई आगरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे तवेले वालों के खिलाफ नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी श्री योगेश शर्मा का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से चल रहे 04 से भी ज्यादा तवेलों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान 06 भैंसो को जब्त करते हुए नगर निगम आगरा की गऊशाला में जमा करवाया गया।

साथ ही अवगत कराना है कि आवास विकास सेक्टर 01 में बैनारा फेक्टरी, बोदला से शनिदेव मन्दिर तक के क्षेत्र में स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को चिन्हाकंन करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में उक्त क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण की मुनादी की तथा स्थानीय दुकानदारों को अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी कि भविष्य में दुबारा अतिक्रमण करने पर भारी तादात में शमन शुल्क वसूला जायेगा और कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।




**दिनांक 19.09.2019**– नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अवैध होर्डिंग/बैनर को हटाने का अभियान चलाया गया। होर्डिंग सुपरवाईजर श्री विमलेश कुमार का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में कलैक्ट्री चौराहे पर 20X80 का 01 होर्डिंग, खन्दारी चौराहे पर 10X20 का 01 होर्डिंग, मानस नगर से शाहगंज रोड पर 10X20 का 01 होर्डिंग तथा 3X6 के 03 होर्डिंग, ईंट मण्डी से हेमा पेट्रोल पम्प तक 10X20 का 01 होर्डिंग तथा 4X6 के 06 होर्डिंग, सत्यम मल्टीप्लेक्स से पदम प्लाजा तक 3X6 के 02 होर्डिंग, एंव बेलनगंज एरिया तक 3X6 के 03 होर्डिंग और 2X4 के 04 होर्डिंग हटाये गये। इस प्रकार कुल 22 अवैध होर्डिंग हटाये गये।

2.नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अवैध स्थायी अतिक्रमण को चिन्हित किया। एस0एन0 हॉस्पीटल चौराहे से सिन्धी मार्केट तक अवैध स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण हेतु 40 से भी ज्यादा दुकानों और रामबाग पिली पोखर क्षेत्र में 05 दुकानों को चिन्हित किया और 200 मीटर नाले की पैमाईश की गयी। चलाये गये अभियान में आर0आई0 श्री वैभव यादव, अमीन श्री भीकम पाल सिंह तथा श्री विजय कुमार शर्मा का सहयोग रहा।

3.न्यू आगरा, दयालबाग रोड पर स्थानीय दुकानदार द्वारा किये जा रहे स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को चिन्हाकंन करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। एस0एफआई0 श्री अशुतोश कुमार वर्मा का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में उक्त क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण की मुनादी की तथा स्थानीय दुकानदार को अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी कि जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटा लिया जाये। अन्यथा भारी तादात में शमन शुल्क वसूला जायेगा और कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।





**दिनांक 21.09.2019**– नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया, चलाये गये अभियान में आर0आई0 श्री वैभव यादव का सहयोग रहा। सिन्धी मार्केट, हॉस्पीटल रोड आगरा, व्यास मार्केट के सामने और मस्जिद के पास बनी अवैध स्थायी/अस्थायी दुकानें जो की पहले से ही नगर निगम द्वारा चिन्हित की गयी है। अवैध दुकानों के मालिकों को चेतावनी दी गयी कि एक सप्ताह के अन्दर अपनी अवैध दुकानों को हटा लें अन्यथा एक सप्ताह बाद दुकानों को स्थागित करके शमन शुल्क भी वसूला जायेगा।





**दिनांक 23.09.2019**:– 1. मदिया कटरा लोहामण्डी क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। आर0आई0 श्री वैभव यादव एंव एस0एफ0आई0 श्री रोहित सिंह का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में उक्त क्षेत्र में नाले के ऊपर हो रहे अवैध अतिक्रमण में लगभग 25 अवैध स्थायी दुकानों व मकानों की रेम्पों को तोडा गया लगभग 20 अस्थायी अतिक्रमण/खोके और ठेलो को हटवाया गया, अतिक्रमण अभियान के दौरान **रू0 32700/–** का शमन शुल्क वसूल कर आगरा नगर निगम कोष में जमा कराया गया।

2. शाहगंज में राम नगर की पुलिया से मल्ल का चबूतरा तक में नाले के ऊपर हो रहे अवैध अतिक्रमण को धवस्त कराया गया और भविष्य में अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी गयी।

3. अशोक नगर के अन्तर्गत सिन्धी कॉलोनी, पचकुंईयां, प्रजापति मौहल्ला में क्षेत्रीय लोगो द्वारा नालियों के ऊपर व नाले के किनारे किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए मुनादी करवाकर चेतावनी दी गयी कि जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण को हटा लिया जाये।

4. खेरिया मोड ख्वासपुर नाले पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए मा0 पार्षद की मौजूदगी में दिये गये निर्देश पर स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को हटवाने के लिए चेतावनी दी गयी और बताया गया की दो दिन के बाद नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटा दिया जायेगा।





**दिनांक 24.09.2019:-** 1. 23.09.2019 की रात 10:00 बजे से 00:30 बजे तक कारगिल पैट्रोल पम्प सिकन्दरा आगरा क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अवर अभियन्ता श्री अमित सोनार का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में उक्त क्षेत्र में 02 अवैध यूनीपौल तथा 12 अवैध होर्डिंग को हटवाया गया।

2. 24.09.2019 को तेलीपाडा, ताजगंज में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में आर0आई0 श्री वैभव यादव का सहयोग रहा। कोल्हाई और बिल्लोचपुरा नाले पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए चेतावनी दी गयी और दो दिन का समय दिया गया अन्यथा दो दिन बाद नाले के ऊपर अवैध अतिक्रमण को नगर निगम द्वारा ध्वस्त कर दिया जायेगा।

3. अवास विकास सैन्ट्रल पार्क सूर वाटिका के क्षेत्र मे मा0 पार्षद महोदय की मौजूदगी में रखे अवैध अस्थयी खोकों को हटाने के लिए चेतावनी दी गयी और एक दिन का समय दिया गया और भविष्य में खोके न रखने की चेतावनी दी गयी।

4.राजा बलवन्त सिंह मार्ग मदिया कटरा क्षेत्र में हो रहे अवैध स्थायी अतिमण में 02 साइड बॉड्री दिवाल को जे0सी0बी0 के द्वारा गिराया गया।





**दिनांक 25.09.2019:-** नगर निगम आगरा के सहायक नगर आयुक्त महोदय श्री अनुपम शुक्ला एंव प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0)के नेतृत्व में नगर निगम आवासीय परिसर में अभियान

चलाया गया। चलाये गये अभियान में आर0आई0 श्री वैभव यादव का सहयोग रहा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री बीके शर्मा (से0नि0) अवैध रूप से बिना अनुमति के रह रहे सरकारी आवास को खाली करवाया।





**दिनांक 26.09.2019:-** 1. बाबरी सिकन्दरा क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अमीन श्री भीकम पाल सिंह एंव श्री विजय शर्मा का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में नगर निगम की सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रूकवाया साथ ही चेतावनी भी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए, अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अवगत कराना है कि हनुमान मन्दिर खन्दारी चौराहा के आस पास लगी अवैध सब्जी और फलों की ठैलों को हटवाया।

2. साथ ही अवगत कराना है कि राम नगर की पुलिया तथा रंगरेज गली, राजामण्डी आदि क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रहे अवैध पशुपालको के तबेलों पर प्रवर्तन दल की टीम ने सहायक नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में अभियान चलाया। पशुचिकित्साधिकारी डॉ योगेश शर्मा तथा एस0एफ0आई श्री योगेन्द्र कुमार का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में स्थानीय नागरिको द्वारा संचालित भैंसों के अवैध तबेलों से शमन शुल्क रू0 59250/- तथा रंगरेज गली में अवैध रूप से चल रहे पेंठा कारखानों पर छापेमारी करते हुए जलती हुयी कोयले की भट्टीयों को पकडा और मा0 एन0जीटी0 के तहत भटटीयों को तत्काल बन्द करवाया गया तथा 01 लाख रू0 का शमन शुल्क भी वसूला गया। इस प्रकार कुल रू0 1,59,250 का शमन शुल्क नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।





**दिनांक 27.09.2019:-** 1. खन्दारी चौराहा क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। सी.एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में छापे के दौरान **03 कि0ग्रा0** पॉलिथीन जब्त की तथा **रू0 22,000/-** का शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।
2. साथ ही अवगत कराना है कि राजपुर चुंगी क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण के विरोध में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। सी.एस.एफ.आई श्री हरी शंकर यादव का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में एन0जी0टी0 के तहत **रू0 5000/-** तथा अतिक्रमण के विरूद्ध **रू0 12000/-** का शमन शुल्क वसूला। इस प्रकार कुल **रू0 39000/-** का शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।
3. साथ ही अवगत कराना है कि बाबरी, सिकन्दरा क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अमीन श्री भीकम पाल सिंह एंव श्री विजय शर्मा का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में नगर निगम की सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रूकवाया साथ ही चेतावनी भी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए, अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।






**दिनांक 28.09.2019:-** नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में स्पीड कलर लैब, कमला नगर क्षेत्र में अस्थायी/स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। सुपरवाईजर श्री आलोक कुमार का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से संचालित चाय का खोका और जनरेटर को हटवाया गया। साथ ही चेतावनी भी दी गयी कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाये। अन्यथा भारी तादात में शमन शुल्क वसूला जायेगा और कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।





**दिनांक 28.09.2019:-** नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में टेडी बगिया चौराह, 100 फुटा रोड, कालिन्दी विहार क्षेत्र में अस्थायी/स्थायी अतिक्रमण हेतु अभियान चलाया गया। एस0एफ0आई0 श्री डी0के0 अग्रवाल एवं सहायक अभियन्ता श्री महेन्द्र कुमार जैन का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से रखे हुए 20 से भी ज्यादा खोके और ठेलों को हटवाया गया। चलाये गये अभियान में एन0जी0टी0 के तहत **रू0 15,500/-**और अतिक्रमण के विरूद्ध **रू0 38,800/- तथा** गन्दगी में **रू0 1500/-** का शमन शुल्क वसूला। इस प्रकार कुल **रू0 55800/-** का शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया।





**उ0प्र0 प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (विनियमन) अधिनियम, 2000 एवं अधिसूचना दिनांक 15 अगस्त, 2018 के तहत निर्गत माह सितम्बर 2019 में की गयी कार्यवाही-**

| जप्त की गयी कुल सामग्री | कुल जुर्माना (रू0) |
| --- | --- |
| 30 किलो 800 ग्राम | 147000.00 |

**कर्मचारी सेवानिवृत्ति** : नगर निगम, आगरा में कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके सेवानिवृत्ति उपरान्त देय भुगतानों के लिए एवं पेंशन स्वीकृति के लिये कार्यालय के चक्कर लगाना न पडे। इस हेतु नगर निगम, आगरा द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके समस्त देयों के भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 ससम्मान विदाई समारोह आयोजित करके हस्तगत किये जाते हैं।

माह सितम्बर 2019 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 30.09.2019 को सेवानिवृत्त देय भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 वितरित किये गये। कुल 3 सेवानिवृत्त कर्मचारी को विदाई समारोह में फूलमाला एवं शॉल पहना कर सम्मानित किया गया और कुल धनराशि रू. 4351231.00 का चैक वितरण किया गया।